कलेक्टर ने जैविक हाट बाजार स्थल का किया निरीक्षण

जैविक उत्पादों की ब्रांडिंग और मार्केटिंग के निर्देश पुस्तकालय का भी किया अवलोकन

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। प्रदेश सरकार द्वारा कृषक कल्याण वर्ष अंतर्गत प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश के किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने, जैविक उत्पादों के उत्पादन तथा उनके प्रभावी विपणन के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी क्रम में बुरहानपुर जिले में प्रत्येक गुरुवार को राजस्थान भवन के समीप जैविक हाट बाजार का आयोजन किया जाता है, जहां प्राकृतिक एवं जैविक उत्पादों जैसे. केला, फल, सब्जियां, दाले,मसाले, गौ.आधारित सहित अन्य उत्पाद विक्रय किये जाते है।

शुक्रवार को कलेक्टर हर्ष सिंह ने जैविक हाट बाजार स्थल का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों से बाजार के संबंध में जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य जिले में जैविक उत्पादों को व्यापक पहचान दिलाना, किसानों को उनके उत्पादों के लिये बेहतर बाजार उपलब्ध कराना तथा आम नागरिकों को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण सामग्री उपलब्ध कराना है।

कलेक्टर सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जैविक हाट बाजार का व्यापक स्तर पर प्रचार.प्रसार किया जाए,ताकि अधिक से अधिक किसान एवं उपभोक्ता इससे जुड़ सकें। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती से तैयार उत्पाद स्वास्थ्य की दृष्टि से लाभकारी होने के साथ.साथ पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे उत्पादों की ब्रांडिंग एवं मार्केटिंग पर विशेष ध्यान देकर किसानों की आय में वृद्धि की जा सकती है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को व्यवस्थित कार्य योजना तैयार करते हुए बाजार को और अधिक व्यवस्थित बनानेए विस्तार देने तथा अधिक से अधिक किसानों की सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत एवं अपर कलेक्टर श्री सृजन वर्मा तथा कृषि, सहकारिता विभाग सहित संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

निरीक्षण की कड़ी में कलेक्टर हर्ष सिंह ने लालबाग रोड स्थित मरीचिका उद्यान के समीपस्थ संचालित पुस्तकालय का भी अवलोकन किया। उन्होंने पुस्तकालय में उपलब्ध सुविधाओं को देखते हुए इसे और अधिक उपयोगी बनाने, विस्तार करने की बात कही। उन्होंने कहा कि पुस्तकालय ज्ञान एवं अध्ययन को बढ़ावा देने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं।

355 छात्रों और अभिभावकों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। भारतीय रेडक्रास सोसायटी जिला शाखा बुरहानपुर एवं बोरले हॉस्पिटल बुरहानुपर के संयुक्त तत्वावधान व जिला स्वास्थ्य विभाग बुरहानपुर के सहयोग से सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सरस्वती नगर में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। दो दिनी शिविर में डॉ.गणेश खर्चे बाल रोग विशेषज्ञ,डॉ. अंकित बोरले जनरल फिजिशियन, डॉ.श्रृद्धा बोरले स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ.प्रीति पाटील नेत्र रोग विशेषज्ञ द्वारा 355 छात्र-छात्राओं व उनके अभिभावकों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाइयां नि:शुल्क वितरित की गई।

सरस्वयती शिशु मंदिर विद्यालय समिति उपाध्यक्ष मुकेश शाह ने स्वास्थ्य शिविर को लेकर बताया कि इस शिविर में स्वास्थ्य उपचार को लेकर छात्र-छात्राओं व उनके अभिभावकों खासा उत्साह देखा गया। वहीं शनिवार को भी शिविर के माध्यम से उपचार एवं दवाईयों का वितरण किया जाएगा। आपने कहा कि वर्षाकाल में यह शिविर स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के साथ संक्रामक बीमारियों की संभावनाओं को समाप्त करने में कारगर है।

रेडक्रास चेयरमैन सुमित बोरले ने बताया कि हमारा प्रयास है कि इस प्रकार के शिविर आयोजीत कर जन स्वास्थ्य के साथ नौनिहालो का भी स्वास्थ्य परीक्षण किया जावें एवं किसी भी प्रकार की बिमारी होने पर उसका तत्काल उपचार संभव हो सके।

इस दौरान शिविर में भारतीय रेडक्रास सोसायटी जिला शाखा बुरहानपुर की प्रबंध समिति सदस्य श्री प्रभाकर चौधरी, मुकेश पुर्वे एवं सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं, स्टाफ, विद्यार्थी और अभिभावक भी उपस्थित रहें। उपरोक्त जानकारी करणसिह चित्ते द्वारा दी गई।

महिला कांग्रेस ने रखा बुरहानपुर में उपवास

चंदा चोरी के दोषियों पर कार्रवाई की मांग, आस्था से खिलवाड़ का आरोप

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। बुरहानपुर में राम मंदिर चढ़ावा चोरी के मामले को लेकर महिला कांग्रेस ने शुक्रवार को एक दिवसीय उपवास किया। लालबाग स्थित सागर टॉवर के पास दोपहर 12 बजे शुरू हुए कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला कांग्रेस की पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुईं।

मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफकड़ी कार्रवाई की मांग की गई। पश्चिम ब्लॉक अध्यक्ष योजना देवड़ा ने कहा कि अयोध्या में सामने आए चढ़ावा चोरी के मामले ने लोगों की आस्था को ठेस पहुंचाई है। इसी के विरोध में महिला कांग्रेस ने एक दिन का उपवास रखकर विरोध दर्ज कराया। नगर निगम अध्यक्ष अनीता यादव ने बताया कि महिला कांग्रेस की प्रदेश प्रभारी शांति बालेश्वर के आह्वान पर प्रदेशभर में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।

प्रदेश प्रभारी के आह्वान पर हुआ कार्यक्रम:-कांग्रेस नेत्री सरिता भगत ने कहा कि धार्मिक आस्था से जुड़े मामले में दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाना चाहिए। उन्होंने पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग की। पूर्व नगर निगम अध्यक्ष गौरी शर्मा, तस्नीम मर्चेंट, शहर कांग्रेस अध्यक्ष रिंकू टाक,अमर यादव, आशीष भगत,राजेश भगत सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल बुरहानपुर द्वारा ग्राम नयाखेड़ा तहसील खकनार जिला बुरहानपुर में 10 जुलाई को नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 56 से अधिक मरीजों ने शिविर का लाभ उठाया।

शिविर में ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल के डॉ.कैलाश सर चिकित्सक डॉ. अकरम खान, जनरल फिजिशियन द्वारा संबंधित समस्याओं का परामर्श किया गया। सभी मरीजों को मौसमी विकारों से बचने एवं सुरक्षित रखने की सलाह दी गई। सभी मरीजों का नि:शुल्क जनरल चेकअप एवं ब्लड प्रेशर की जांच की गई। ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल के संचालक कबीर चौकसे के दिशा निर्देशन मे रमजान भाई मुल्तानी के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया।

समाज के प्रेरक व्यक्तित्वों को किया प्रेरणा सम्मान से सम्मानित

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। प्रेरणा संघर्ष से सफलता कार्यक्रम एक निजी होटल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मंत्री एवं विधायक अर्चना चिटनिस ने की। मुख्य अतिथि महापौर माधुरी अतुल पटेल तथा विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज माने एवं कांग्रेस जिलाध्यक्ष रिंकु टांक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात सभी अतिथियों का शॉल एवं मोतियों की माला पहनाकर आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर पंकज दीक्षित ने अपने उद्बोधन में कहा कि समाज में सकारात्मकता और प्रेरणा का संदेश देना महत्वपूर्ण है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही पूर्व मंत्री एवं विधायक अर्चना चिटनिस ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि समाज को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरणादायी व्यक्तित्वों का सम्मान आवश्यक है। ऐसे नई पीढ़ी को संघर्ष,सेवा और सफलता का संदेश देते हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज माने ने कहा कि समाज के संघर्षशील और प्रेरणादायी व्यक्तित्वों को एक मंच पर लाकर उनकी सफलता की कहानी जन.जन तक पहुंचाने का यह प्रयास अत्यंत सराहनीय है।

महापौर माधुरी अतुल पटेल ने कहा कि समाज में सकारात्मक कार्य करने वाले लोगों को सम्मान और पहचान दिलाने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी और उस दायित्व का उत्कृष्ट निर्वहन किया है।अंत में डॉक्टर वैद्य सुभाष माने ने सभी अतिथियों, सहयोगियों एवं उपस्थित नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम में भाजपा वरिष्ठ नेता बलराज नवानी, पार्षद आशीष शुक्ला, युवा नेता रूद्रेश्वर एंडोले,अज़हर उल हक,संतोष सिंह दीक्षित,प्रेस क्लब अध्यक्ष दुर्गेश शर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।

एक नजर में

डॉ. शैलेंद्र पचौरी ने विधि विषय में शोध उपाधि

बुरहानपुर। सेवासदन विधि महाविद्यालय, बुरहानपुर के सहायक प्राध्यापक डॉ. शैलेंद्र पचौरी ने देवी अहिल्या विष्वविद्यालय, इंदौर से विधि विषय में शोध उपाधि प्राप्त की। शोध का विषय- ''पारंपरिक औषधीय ज्ञान के विशेष संदर्भ में बौद्धिक संपदा अधिकारों का विश्लेषणात्मक अध्ययन'' रहा एवं शोध निर्देषक डॉ. निधि कुमार तिवारी (स्कूल ऑफलॉ दे.अ.वि.वि. इंदौर) के मार्गदर्षन में शोध कार्य पूर्ण किया। डॉ. शैलेंद्र पचौरी को शोध उपाधि प्राप्त होने पर सेवासदन शिक्षा समिति, बुरहानपुर की अध्यक्ष श्रीमती तारिका वीरेन्द्रसिंह ठाकुर, सचिव श्री हसमुखलाल जरीवाला, सेवासदन महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. एस.एम. शकील, विधि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मोहनलाल सोनी सहित समस्त स्टॉफने हर्ष व्यक्त कर शुभकामनाएँ व बधाई दी।

फौजी ग्रुप ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

बुरहानपुर। जैनाबाद में फौजी ग्रुप द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 2बजे से साय खबर लिखे जाने तक 40 यूनिट का संग्रह किया गया नंदकुमार सिंह शासकीय अस्पताल की और से बिटी वेन से ब्लड ब्लड संग्रह किया गया । जिसमें ब्लड बैंक की और से कमलेश रायसरदार, पवन जाधव, भारत जमरे सहित मोहन सिंह रघुवंशी और धीरज सहित ग्राम सरपंच ग्रामीण और जनता का विशेष सहयोग रहा।

खंडवा-अकोला परियोजना का किया निरीक्षण

बुरहानपुर। गुरुवार को कलेक्टर हर्ष सिंह ने खंडवा-अकोला ब्रॉडगेज रेल परियोजना अंतर्गत चिड़ियामाल से पांगरी तक रेलवे द्वारा संचालित कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परियोजना की प्रगति का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने परियोजना के तहत किए जा रहे खुदाई.भराई कार्य, कटिंग,पुलिया निर्माण,खड़की स्टेशन तथा अन्य निर्माण गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कार्यों की वर्तमान स्थिति एवं निर्धारित समय.सीमा के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हुए निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। **खड़की स्टेशन का किया अवलोकन:**-कलेक्टर श्री सिंह ने रेलवे अधिकारियों से खड़की एवं खकनार स्टेशन से संबंधित निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने खड़की रेलवे स्टेशन परिसर एवं प्लेटफॉर्म का निरीक्षण कर उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं एवं कार्यों का अवलोकन किया। **लगभग 315 करोड़ रुपये की लागत से हो रहा है निर्माण कार्य:**-विदित है कि खंडवा.अकोला ब्रॉडगेज रेल परियोजना अंतर्गत यह निर्माण कार्य राइट कंस्ट्रक्शन प्रा.लि. पुणे द्वारा लगभग 315 करोड़ रुपये की लागत से कराया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने निर्माण कार्यों की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए निर्धारित समय.सीमा में कार्य पूर्ण करने के लिए संबंधित अधिकारियों को मार्गदर्शन एवं आवश्यक निर्देश दिए।

सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त कर चालानी कार्रवाई

नवभारत न्यूज,

शाहपुर। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 लागू होने पर भी नियमों का पालन नहीं करने की दशा में नगर परिषद् शाहपुर द्वारा स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नगर में प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोगकर्ताओ की निरंतर निगरानी की जा रही है। कलेक्टर और नगर निगम अध्यक्ष साधना वीरेंद्र तिवारी के निर्देशानुसार मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिलीप चौहान के मार्गदर्शन में विशेष अभियान चलाकर साप्ताहिक बाजार में प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग एवं विक्रय करने वाले दुकानदारों और व्यापारियों की जांच की गई।

इस दौरान निर्धारित मानकों के विपरीत पाई गई सिंगल यूज प्लास्टिक की पन्नियो को दुकानदारो से जप्त किया गया। साप्ताहिक बाज़ार में प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक पन्नियों का उपयोगकर्ता 05 व्यापारियों के विरुद्ध नियमानुसार चालनी कार्यवाही की गई जिसमें 500 रूपये जुर्माने के रूप में वसूल कर दोबारा सिंगल यूज प्लास्टिक की पन्नि का उपयोग करते एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 का पालन करने हेतु समझाईश दी गई तथा भविष्य में उपयोग करते पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई के लिए सचेत किया गया।

इस कार्रवाई के बाद बाजार क्षेत्र में सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग नहीं करने तथा नागरिकों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। नगर परिषद् शाहपुर द्वारा भविष्य में भी इस प्रकार के निरीक्षण एवं चालानी अभियान नियमित रूप से संचालित किए जाते रहेंगे, ताकि नगर को स्वच्छ,सुंदर बनाया जा सके।

नगर परिषद् की टीम द्वारा व्यापारियों को सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों, प्रदूषण की जानकारी देते हुए कपड़े, कागज एवं अन्य पर्यावरण.अनुकूल सामग्री से बने बेग्स, थैलियों का उपयोग के लिए प्रेरित किया गया। अभियान के दौरान व्यापारियों एवं आम नागरिकों को शासन द्वारा लागू प्रतिबंधों का पालन करने तथा स्वच्छ एवं सुंदर नगर निर्माण में सहयोग करने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर दल प्रभारी रतनसिंग रावत, इश्वर वरखेडे, वसंत महाजन, हर्षल जैन, राहुल महाजन, समाधान माली, सफाई दरोगा रविन्द्र ससाने, रमाकांत महाजन, नवीन परदेशी, नगर परिषद् के कर्मचारी, एन जी ओ सदस्य उपस्थित थे।

बाल विकास सदन बाल मंदिर समिति के तत्वावधान में प्रेरणा बाल वाटिका शुरू

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। शहर के राजपुरा स्थित दालियावाड़ा में श्री बृहद गुजराती समाज एवं श्रीमती भागाबाई बालविकास सदन बाल मंदिर समिति के संयुक्त तत्वावधान में संचालित प्रेरणा बालवाटिका के शुभारंभ समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिक निगम बुरहानपुर की महापौर माधुरी अतुल पटेल मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुईं।

महापौर माधुरी पटेल ने बालवाटिका का शुभारंभ करते हुए कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और उनके उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव प्रारंभिक शिक्षा एवं संस्कारों से ही रखी जाती है। उन्होंने कहा कि ऐसी संस्थाएं बच्चों में शिक्षा के साथ.साथ नैतिक मूल्यों,अनुशासन एवं संस्कारों का विकास करती हैं, जो उन्हें एक जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा देती हैं। महापौर ने श्री बृहद गुजराती समाज एवं बाल मंदिर समिति की इस सराहनीय पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि समाज के सहयोग से शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे ऐसे प्रयास निश्चित रूप से आने वाली पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करेंगे। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रेरणा बालवाटिका क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं संस्कार प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

कार्यक्रम के अंत में आयोजकों द्वारा महापौर श्रीमती माधुरी पटेल का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। महापौर ने आयोजन की सफलता के लिए श्री बृहद गुजराती समाज,बाल मंदिर समिति तथा सभी पदाधिकारियों एवं उपस्थित नागरिकों को शुभकामनाएं देते हुए आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर श्रीमती भागा बाई बालकिशनदास बाल मंदिर समिति अध्यक्ष नन्दकिशोर श्राफ,काकू सेठ, अध्यक्ष श्री वृहद गुजराती समाज मनोज तरवाला,सुरेश भाई श्राफ ,समाज पूर्व अध्यक्ष दिलीप भाई श्राफ ,समाज पूर्व अध्यक्ष,वरिष्ठ अधिवक्ता श्री अरुण शेंडे मामा,शिक्षाविद श्री नरेंद्र मोदी सर एवं समाज जन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

सुरक्षित निवेश-सुरक्षित भविष्य : चार्टर्ड एकाउंटेंट मुस्कान कक्कड़ ने ली कार्यशाला

नवभारत न्यूज, बुरहानपुर। बुरहानपुर के कक्कड़ छाबडिया एंड एसोसिएट्स के युवा चार्टर्ड एकाउंटेंट्स सीए. मुस्कान कक्कड़, सी.ए.राहुल छाबड़िया जो कि स्टेट एक्सचेंज बोर्ड ऑफइंडिया के एकमात्र रजिस्टर्ड रिसर्च एनालिस्ट है ,इन युवा चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ने इंस्टिट्यूट ऑफ़ चार्टर्ड एकाउंट्स ऑफ इंडिया द्वारा प्रथम बार आयोजित एस्स्ट एन सक्सेशन प्लानिंग की परीक्षा प्रथम बार में ही प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की और इनके द्वारा समय समय पर बुरहानपुर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में खामनी, इच्छापुर,चापोरा एवं अन्य जगह पर सुरक्षित निवेश सुरक्षित भविष्य पर बहुत महत्वपूर्ण कार्यशाला आयोजित कर अपने सामाजिक दायित्वों को निभाया है । सामाजिक दायित्वों के तहत चार्टर्ड अकाउंटेंट मुस्कान कक्कड़ ,राहुल छाबडिया द्वारा समय समय विभिन्न स्कूलों में भी महत्वपूर्ण कार्यशाला आयोजित कर बच्चों को लाभ दिलाया ।

विगत दिनों मारवाड़ी युवा मंच,रोटरी क्लब बुरहानपुर,ऑल इंडिया हज वेलफेयर सोसायटी, तेहरीम एजुकेशनल सोसायटी व अन्य द्वारा चार्टर एकाउंट्स डे के उपलब्ध में सम्मान किया गया। इसी तरह नारायण नगर गृह निर्माण संस्था कि महिला मंडल द्वारा आयोजित सुरक्षित निवेश सुरक्षित भविष्य पर युवा चार्टर्ड एकाउंटेंट सी.ए. मुस्कान कक्कड द्वारा महत्वपूर्ण जानकारी दी गई ।इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया स उक्त जानकारी नारायण नगर गृह निर्माण संस्थान अध्यक्ष प्रतिभा आशीष शुक्ला ने दी। इस अवसर पर मधु कक्कड़, लता सगरे,मंजू सुगंधी, मोहिनी राजेश शुक्ला, तारा मुथा,मनीषा शिंदे,स्मिता जायसवाल, पल्लवी दीक्षित,चंद्रभागा हरि बोरसे समेत बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी ।

एक नजर — **शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास का स्थापना दिवस भारतीय शिक्षा दिवस के रूप में मनाया**

भारतीय शिक्षा का उद्देश्य संस्कारित और राष्ट्रनिष्ठ नागरिकों का निर्माण : प्रो .दुबे

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। श्री गणेश उच्चतर माध्यमिक विद्यालय,बुरहानपुर एवं शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास,नई दिल्ली,मालवा प्रान्त, जिला.बुरहानपुर के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास का स्थापना दिवस भारतीय शिक्षा दिवस के रूप में उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों,शिक्षकों एवं शिक्षाविदों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया गया।

मुख्य वक्ता प्रो.यज्ञशरण दुबे न्यास कार्यकर्ता ने कहा कि भारतीय शिक्षा का मूल उद्देश्य केवल रोजगार उपलब्ध कराना नहीं,बल्कि ऐसे संस्कारित, चरित्रवान, आत्मनिर्भर एवं राष्ट्रनिष्ठ नागरिक तैयार करना है, जो समाज और राष्ट्र के विकास में सक्रिय भूमिका निभा सकें। उन्होंने भारतीय ज्ञान परंपरा,गुरु.शिष्य परंपरा,मातृभाषा आधारित शिक्षा तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के भारतीय दृष्टिकोण पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों से भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों एवं सामाजिक उत्तरदायित्व को अपने जीवन का आधार बनाने का आह्वान किया।

मुख्य अतिथि श्री अभय जी विश्वकर्मा, जिला प्रचारक ने अपने संबोधन में कहा कि भारत की प्राचीन शिक्षा व्यवस्था विश्व के लिए आदर्श रही है। वर्तमान समय में भारतीय जीवन मूल्यों पर आधारित शिक्षा व्यवस्था को समाज में पुन: स्थापित करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा तभी सार्थक होगी, जब वह व्यक्ति में राष्ट्रभाव,सेवा, संस्कार और कर्तव्यबोध का विकास करे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे श्री गोपाल जी मुज़ल्दा प्राचार्य ने विद्यार्थियों को अनुशासितए संस्कारित एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यालय एवं शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास द्वारा संचालित शैक्षिक गतिविधियों की सराहना करते हुए ऐसे आयोजनों को समय की आवश्यकता बताया एवं सभी अतिथियों,शिक्षकों,विद्यार्थियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम का संचालन यश जी दुबे युवा कार्य मालवा प्रान्त संयोजक ने किया। उन्होंने भारतीय शिक्षा दिवस की पृष्ठभूमि एवं शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए सभी अतिथियों एवं उपस्थितजनों का स्वागत किया। कार्यक्रम में विद्यालय के 176 छात्र.छात्राओं,11 शिक्षाविदों सहित कुल 187 प्रतिभागियों की सहभागिता रही। अंत में डॉ.कृष्णा जी मोरे जिला संयोजक, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास,जिला.बुरहानपुर के ज़िला संयोजक के रूप मै अपनी भूमिका निभाइ।

17 जुलाई तक 7 दिवसीय विशेष चेकिंग अभियान

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। पुलिस मुख्यालय भोपाल के आदेश अनुसार एवं पुलिस अधीक्षक बुरहानपुर आशुतोष बागरी के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रदीप शेण्डे एवं नगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटिल के मार्गदर्शन में छात्र.छात्राओं की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यातायात पुलिस द्वारा जिले में स्कूल बसों एवं स्कूली वाहनों के विरुद्ध विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान दिनांक 08 जुलाई से 17 जुलाई तक संचालित 7 दिवसीय विशेष स्कूल बस जांच अभियान के अंतर्गत आज जिले में संचालित स्कूल बसों की सघन जांच की गई।

थाना प्रभारी यातायात राजेश बारवाल द्वारा आज जिले के विभिन्न मार्गों पर संचालित स्कूली वाहनों को रोककर उनकी फिटनेस,बीमा, परमिट, चालक का लाइसेंस, जीपीएस,प्राथमिक उपचार पेटी,आपातकालीन खिड़की एवं माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी सुरक्षा गाइडलाइंस का बारीकी से परीक्षण किया गया। चेकिंग के दौरान स्कूल वाहनों में सुरक्षा मानकों की अनदेखी एवं दस्तावेजों में कमियां पाई गईं। नियम विरुद्ध संचालन करने पर यातायात पुलिस द्वारा मौके पर ही 09 स्कूल वाहनों पर चालानी कार्रवाई कर 9500/- शमन शुल्क वसूला गया।